# अलवर : भूमाफिया की अवैध कॉलोनी पर चला यूआईटी का बुलडोजर

## 50 बीघा सहारा वाली जमीन पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर में गुरुवार को यूआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली-नेशनल हाईवे से सटी लगभग 50 बीघा कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह जमीन हिंगराज कंपनी के नाम से रजिस्टर्ड है, जिसे स्थानीय लोग सहारा वाली जमीन के नाम से भी जानते हैं। भूमाफियाओं ने बिना यूआईटी से अनुमति लिए इस पूरे क्षेत्र में बड़े-बड़े प्लॉट काट दिए थे। 60-60 फीट चौड़ी कच्ची सड़कें बनाकर तीन बड़े एंट्री गेट भी तैयार किए गए थे। कुछ प्लॉट तो एग्रीमेंट पर बेच भी दिए गए थे। सूचना पर गुरुवार को यूआईटी की टीम पांच बुलडोजर, महिला पुलिस और करीब 10 जवानों के साथ दिवाकर के पास हाईवे किनारे पहुंची और पूरे अवैध लेआउट को ध्वस्त करना शुरू किया। टीम के पहुंचते ही भूमाफिया मौके से फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान सभी प्लॉटों की कच्ची सड़कें खुदवा दी गई, तीनों एंट्री गेट तोड़ दिए गए और रास्तों में गड्ढे डालकर उन्हें बंद कर दिया गया।



**अलवर में यूआईटी ने हाईवे से सटी कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।**

**बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान विवाद :** डूंगरपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के पास बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान बड़ा विवाद हो गया। इस विवाद में लेबर, बिजली निगम के लाइनमैन और पातापुर जीएसएस के कर्मी शामिल थे। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जीएसएस कर्मी एक लेबर को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना के कार्यस्थल पर सड़क के बीच लगे बिजली के पोल को शिफ्ट किया जा रहा था। इस कारण भंडारिया फीडर की बिजली करीब एक घंटे तक बंद रही। काम रात के अंधेरे तक जारी रहा। इसी दौरान लाइनमैन लालशंकर और पातापुर जीएसएस का ठेकाकर्मी राजू मौके पर पहुंचे, जहां राजू ने एक लेबर को थप्पड मार दिया। यह घटना 7 सेकंड के वीडियो में स्पष्ट दिखाई देती है। विवाद की जानकारी मिलते ही डूंगरपुर एईएन आशीष मिश्रा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें विवाद की सूचना मिली थी और वे जांच कर रहे हैं कि लेबर और अन्य कर्मियों के बीच झगड़ा किस कारण हुआ। जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।


लाइनमैन लालशंकर ने कहा ठेकेदार के लेबर ने काफी समय से लाइन बंद करवा रखी थी, जिससे लोगों के लगातार फोन आ रहे थे और इससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

# नशे की हालत में झूठी सूचना देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाने में मंगलवार को दर्ज कराए गए लूट के प्रकरण का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 नवंबर मंगलवार को राजू बावरिया ने विराटनगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि एक वाहन स्कॉर्पियो में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट कर 4.50 लाख रूपये लूट लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व कार्यवाहक वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर राजेंद्र बुरड़क के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन कर वारदात वाली घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर, आस-पड़ोस से पूछताछ की। घटना करने वाले वाहन की तलाश करते हुए विराटनगर थाना क्षेत्र से थानागाजी व मनोहरपुर जाने वाले रास्तों की सीसीटीवी फुटेज खंगालते गए। राजू बावरिया से लूट की घटना के बारे में गहनता से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैं व मेरा भांजा फैलीराम अलवर तिराहा से पिकअप गाड़ी में बीयर पीते हुए आ रहे थे। नवरंगपुरा के आगे पहुंचे तो सामने से आ रही स्कार्पियो की तरफ साइड दब गई। जिस पर स्कॉर्पियो में सवार दो लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी। जिस पर मैंने उनको फंसाने के लिए प्लानिंग कर स्कॉर्पियो गाड़ी वाले अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कर 4 लाख 50 हजार रूपये लूट कर ले जाने की शराब के नशे में झूठी सूचना दी, जिस पर लूट की घटना में सत्यता की जांच कर झूठी सूचना पाए जाने पर राजू बावरिया पुत्र कालूराम बावरिया निवासी वार्ड न.37 कल्याणपुरा थाना मनोहरपुर को गिरफ्तार किया गया।

- **स्कॉर्पियो में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लूट की घटना निकली झूठी**



**पुलिस ने लूट की झूटी सूचना देने वाले को गिरफ्तार किया।**

# धौलपुर में ग्रामीण डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**धौलपुर/जयपुर।** धौलपुर जिले के कछपुरा आंगई में गुरूवार को आईआईएफसीएल एवं जिला परिषद धौलपुर के सहयोग से ग्रामीण डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। यह पहल विकसित भारत के विज़न को ग्रामीण विकास के माध्यम से साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें शिक्षा को आधार स्तंभ माना गया है।

- **शिक्षा की शक्ति से ग्रामीण विकास को नई दिशा : प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल**

कार्यक्रम में आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण भारत ही हमारे देश की असली ताकत है। यदि गांवों के बच्चे डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ जाएँ तो वे किसी भी बड़े शहर के बच्चों से कम नहीं रहेंगे। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पढ़ाई और तकनीक तक बराबर पहुंच हर बच्चे का अधिकार है। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारे युवा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचे और दूसरो को भी जाग्रत करें। हेलमेट, सीट बेल्ट और सड़क के नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटना कम कर सकते हैं।

श्रीवास्तव ने आगे कहा कि शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है बल्कि यह नए अवसरों की कुंजी है। डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य गांव के हर बच्चे, खासकर लड़कियों को वह मंच देना है, जहाँ से उनका सपना ऊँचाई छू सके। हम चाहते हैं कि यह लाइब्रेरी सिर्फ पढ़ने की जगह नहीं बल्कि बच्चों के सपनों को उड़ान देने का केंद्र बने।

आईआईएफसीएल जिला परिषद के साथ साझेदारी करके धौलपुर जिले के कई गांवों में ऐसी आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित कर रहा है, जिनमें कंप्यूटर लैब, डिजिटल टीवी, वाई-फाई, आरामदायक फर्नीचर सहित बच्चों के विकास हेतु कॅरियर काउंसलिंग के साथ कई सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिला परिषद सीईओ आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने इस परियोजना को ग्रामीण शिक्षा में एक नई क्रांति बताते हुए कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी संविधान घर के नाम से जानी जाएगी, जिससे ग्रामवासियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति समझ, डिजिटल इंडिया में सहभागिता, जनभागीदारी के साथ सामुदायिक स्वामित्त्व की भावना, रोज़गार और कौशल विकास में मदद, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार जिससे ग्रामीणों के जीवन में भविष्य में दूरगामी स्थायी बदलाव देखने को मिलेंगे।

इस मिशन का उद्देश्य जन-भागीदारी के साथ महिलाओं और छात्राओं को सशक्त बनाना है। लड़कियां भी अपने गांव में दूसरी लड़कियों के लिए आदर्श बनेगी, जो गांव से देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में जिला परिषद से पवन कुमार, गौरव सिंघल, ऐश्वर्य मुद्गल एवं आईआईएफसीएल की ओर से सुबोध शर्मा, विकास अधिकारी गिर्राज, रामलखन मीणा, किशन सिंह, धर्मेंद्र, समीप की अनेक ग्राम पंचायतों के गणमान्य, युवा तथा विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई।




**आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव समेत अतिथियों ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।**

# पत्नी ने की आत्महत्या, आहत पति ने भी पुत्र को फंदे पर लटकाकर खुदकुशी की

**उदयपुर,** (कासं)। ऋषभदेव कस्बे के मसारों की ओवरी गांव में महिला द्वारा फांसी का फंदा लगा आत्महत्या करने से आहत पति ने पुत्र को फंदे पर लटका कर स्वयं भी फांसी के फंदे पर लटक गया। सुसाइड नोट में पत्नी के आत्महत्या करने से सुसाइड करने की बात लिखी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षेत्र मसारों की ओवरी गांव में बुधवार रात में शारदा पत्नी जगदीश ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसका पता चलने पर जगदीश पुत्र अमरा ने अपने पुत्र हिमांशु उर्फ हेमु को फांसी के फंदे पर लटकाने के बाद स्वयं ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। जगदीश पेट्रोल पंप पर काम कता था, जिसका वर्ष 2017 में कल्याणपुर रजोल गांव निवासी शारदा के साथ विवाह हुआ था। घटना वाले दिन जगदीश नौकरी पर गया था एवं उसके माता-पिता कानुवाड़ा गांव में करियावर में गए थे। सांय घर लौटने पर किवाड़ बंद था। पड़ोसियों को बुलाकर किवाड़ तोड़ कर देखा तो शारदा जमीन पर मृत हालत में पड़ी थी एवं जगदीश व हिमांशु फंदे पर लटके हुए थे।

- **सुसाइड नोट में पत्नी के आत्महत्या करने से सुसाइड करने की बात लिखी है**

इसकी सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक ऋषभदेव राजीव राहर, ऋषभदेव एसडीएम एवं तहसीलदार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां मृतक जगदीश के पास मिले सुसाइड नोट में पत्नी द्वारा आत्महत्या करने से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। पुलिस ने मृतकों को फंदे से निचे उतार कर ऋषभदेव चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। गुरूवार को मृतका शारदा के पीहर कल्याणपुर के रजोल गांव से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मृतकों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि पत्नी को फंदे पर लटका हुआ देख जगदीश अपने पुत्र को ऋषभदेव स्कूल से लेकर घर लाकर उसे फंदे पर लटका कर स्वयं फांसी पर लटकने की संभावना जताई जा रही है।

# आधार केंद्र पर अवैध वसूली को लेकर लोगों का हंगामा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में संचालित आधार केंद्र पर गुरुवार को अवैध वसूली को लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया।

जानकारी के अनुसार कार्यालय परिसर में चल रहे आधार केंद्र पर नए आधार कार्ड से लेकर आधार अपडेट तक के कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन केंद्र पर तैनात युवक द्वारा निर्धारित सरकारी शुल्क से दोगुनी राशि वसूलने का आरोप सामने आया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आधार अपडेट का सरकारी शुल्क 75 रुपए तय है, जबकि संचालक लोगों से 150 रुपए वसूल रहा था। इस दौरान कई लोगों ने ऑनलाइन पेमेंट के सबूत भी दिखाए, जिसके बाद वहां मौजूद आमजन में आक्रोश फैल गया और उन्होंने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर अवैध वसूली का विरोध शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि सरकारी कार्यालय में बैठकर इस तरह मनमानी करना आमजन के साथ खुली लूट है। मामले की जानकारी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विकास सुवालका तक पहुंची, जिन्होंने तुरंत उपखंड अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई।

अवैध वसूली के इस प्रकरण ने विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आमजन ने मांग की है कि आधार केंद्र की नियमित जांच हो और भविष्य में ऐसी मनमानी पर सख्त रोक लगाई जाए।

उपखंड अधिकारी संजना जोशी ने बताया कि उन्हें इस प्रकार की शिकायत मिली है। संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# युवती लापता

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के ग्रामीण इलाके में यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही एक युवती के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। लड़की परिजनों को घर से यूनिवर्सिटी जाने का कहकर निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 21 साल की लड़की घर से लापता हो गई। लड़की रीको स्थित टांटिया यूनिवर्सिटी में एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। लड़की 17 नवंबर की सुबह 9:30 बजे यूनिवर्सिटी में जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन शाम को वह वापस नहीं लौटी, जिसके बाद लड़की के परिजनों ने लड़की की काफी जगह तलाश की और दोस्तों, रिश्तेदारों के यहां भी पता किया।

# झुंझुनूं पुलिस ने वांटेड बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के बिसाऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर और हिस्ट्रीशीटर डेनिस बावरिया के मर्डर के वांटेड मंदीप उर्फ मदिया के फैन फॉलोविंग अब सोशल मीडिया पर कम होती दिख रही है।

जानकारी के अनुसार एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने झुंझुनूं जिले के वांटेड बदमाशों के सोशल मीडिया प्रोफाइल्स के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। एसपी द्वारा छेड़े गए अभियान के बाद मंडावा, बिसाऊ और धनूरी थाना पुलिस ने 14 युवकों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया। इनमें से अधिकतर ने कोतवाली झुंझुनूं के वांटेड और बिसाऊ थाने के हिस्ट्रीशीटर मंदीप उर्फ मदिया के सोशल मीडिया अकाउंट को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रखा था। साथ ही लाइक और कमेंट करने वालों में शामिल थे। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय की सख्ती के बाद अब एक ही दिन में 300 से ज्यादा लोगों ने मंदीप उर्फ मदिया के सोशल मीडिया अकाउंट को छोड़ दिया है। जिसके बाद मंदीप उर्फ मदिया के सोशल मीडिया अकाउंट में फॉलोवर्स की संख्या में कमी आ गई है। कल तक जहां इंस्टाग्राम पर मंदीप उर्फ मदिया के 15 हजार 200 के करीब फॉलोवर्स थे, अब वो 300 घटकर 14 हजार 900 के करीब आ गए।

- **मंडावा, बिसाऊ और धनूरी थाना पुलिस ने 14 युवकों को गिरफ्तार किया**

**अब तक 19 फॉलोवर्स को पुलिस ने किया गिरफ्तार:-** बदमाशों, खासकर मंदीप उर्फ मदिया और उसके साथियों को सोशल मीडिया पर फॉलो करने वाले अब तक 19 फॉलोवर्स को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इनमें धनूरी पुलिस ने छह, बिसाऊ पुलिस ने पांच, मंडावा पुलिस ने तीन युवकों को पूर्व में गिरफ्तार किया था। वहीं अब पिलानी पुलिस ने धींधवा बिचला निवासी संदीप कुमार पुत्र विद्याधर जाट, झेरली निवासी लोकेश सिंह पुत्र भवानी सिंह राजपूत, पिलानी कस्बे के वार्ड नंबर पांच निवासी समीर खान पुत्र सलीम खान लीलगर को, बबाई पुलिस ने ढ ाणी लोढ़ ा की तन कालोटा निवासी विजेश पुत्र ख्यालीराम गुर्जर तथा मेहाड़ा थाना पुलिस ने ढाणी मांगलिया तन बांसियाल निवासी सचिन उर्फ महाकाल पुत्र लीलाधर गुर्जर को गिरफ्तार किया है।

# तीन युवकों को वाहन ने टक्कर मारी, एक की मौत

**अजमेर,** (निसं)। गेगल थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया।

मृतक के भाई विवेक यादव ने बताया कि उसके दो भाई और उनका दोस्त बुधवार रात गगवाना में शादी में शामिल होने के लिए बाइक से निकले थे। गेगल थाना सीमा में अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

- **हादसे में दो गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती कराया**

अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद कमला बावड़ी निवासी दीपक यादव ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में मृतक के भाई अभिषेक यादव और उनके दोस्त वैशाली नगर निवासी सुरजीत को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का उपचार जेएलएन अस्पताल में जारी है। मृतक के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गेगल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब ठेकेदार और चिड़ावा पुलिस आमने-सामने

**चिड़ावा,** (निसं)। कस्बे में शराब ठेकेदार और चिड़ावा पुलिस आमने-सामने हो गए। रात को चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर द्वारा एक शराब ठेके पर की गई कार्रवाई के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए, जिसमें पुलिस, शराब ठेकेदार और आबकारी विभाग एक-दूसरे के आमने-सामने हो गए है।

शराब ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि बीती रात को पिलानी रोड पर एक शराब ठेके में सेल्समैन अशोक सो रहा था। चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर रात को पहले तो शराब ठेके का शटर खोला और इसके बाद ठेके के अंदर सो रहे सेल्समैन को उठाया। सीआई ने सेल्समैन अशोक को थप्पड़ मारे और अपने साथ थाने ले जाकर शांतिभंग के आरोप में बंद कर दिया। सेल्समैन अशोक के पास ठेके की चाबी थी, जो जब्त कर ली। इस मामले को लेकर शराब ठेकेदारों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर शराब ठेकों के संचालन में पुलिस के हस्तक्षेप पर आपत्ति जताई है। साथ ही कहा है कि आबकारी नियम में पुलिस शराब ठेकों का निरीक्षण नहीं कर सकती। बावजूद सीआई आशाराम गुर्जर ना केवल ठेकों का निरीक्षण करते हैं, बल्कि जबरदस्ती सेल्समैनों को गिरफ्तार कर रहे है। इधर, ठेके के मालिक विकास कटेवा ने आबकारी अधिकारी को लिखित में शिकायत देकर ठेके की चाबी पुलिस द्वारा जब्त होने तथा ठेका नहीं खुलने के कारण राजस्व के नुकसान की बात कही है। जिसके बाद सहायक आबकारी अधिकारी चिड़ावा ने भी चिड़ावा सीआई को पत्र लिखकर ठेके की चाबी लौटाने तथा रात को हुई पूरी घटना की रिपोर्ट मांगी है। सभी पक्षों के आमने-सामने होने से माहौल गरमा गया है।

- **आरोप है कि ठेके के अंदर सो रहे सेल्समैन को उठा ले गए सीआई, पहले खुलवाया शटर, फिर थप्पड़ मारे**

सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि नियत समय के बाद ठेका खुलने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद ठेके में सेल्समैन शराब बेचता हुआ मिला, जिस पर उसे गिरफ्तार किया गया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें पुलिस शराब ठेके का शटर खुलवाते हुए और सीआई सेल्समैन को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं ठेकेदारों ने अगस्त माह का एक वीडियो और उपलब्ध करवाया है, जिसमें भी सीआई आशाराम गुर्जर चिड़ावा कस्बे के एक शराब ठेके के बाहर पड़ी कुर्सी पर डंडा मारकर उसे तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

# आतंकवादियों के केस में दिनेश शर्मा स्पेशल पीपी नियुक्त

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान सरकार के विधि विभाग ने अपर जिला न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर में लंबित आतंकवादियों के बहुचर्चित केस में ए. टी. एस. विभाग की ओर से पैरवी करने के लिए दिनेश कुमार शर्मा को विशिष्ट लोक अभियोजक नियुक्त किया है।

इस प्रकरण में एटीएस ने पुलिस थाना प्रताप नगर में देश के विरुद्ध, विधि विरुद्ध गतिविधियों के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 113/2014 दर्ज करवाई थी, जिसमें अनुसंधान के दौरान 12 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए थे, जिसका प्रकरण अभी अपर जिला न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर में विचाराधीन है। शर्मा इस प्रकरण में एटीएस विभाग की ओर से पैरवी करेंगे।

शर्मा अभी वर्तमान में लोक अभियोजक जोधपुर महानगर में पदस्थापित है तथा इस प्रकरण में पूर्व में भी एटीएस की ओर से पैरवी कर चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुये एटीएस विभाग की अनुसंशा पर विधि विभाग राजस्थान सरकार ने शर्मा को इस प्रकरण में पैरवी करने के लिए स्पेशल लोक अभियोजक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

# मादक पदार्थ समेत एक गिरफ्तार

**श्रीविजयनगर,** (निसं)। पुलिस ने नशे के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार के कब्जे से 1.84 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की है। यह क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस की लगातार पांचवीं कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी सुमन परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति सुनील कुमार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.84 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# युवक से परेशान छात्रा ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर,** (निसं)। युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर 12 वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। फोन पर धमकाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाने के बाद जहर खा लिया। परिजन छात्रा को हॉस्पीटल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना इलाके का है।

जानकारी के अनुसार बिछीवाड़ा थाने के अब्दुल मुनाफ ने बताया कि पिता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। 12वीं क्लास में पढ़ने वाली 18 साल की बेटी ने घर पर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत के कारण उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया।

- **फोन पर धमकाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाने के बाद जहर खाया**

# जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षैत्र में चोर मकान में घुस कर सोने चादी के जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर रात में अज्ञात चोर लौहार कॉलोनी आयड़ गली नं. 3 निवासी मुख्तार अहमद पुत्र सईद अहमद के मकान में घुस कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गया। परिवार में शादी होने से मुख्तार अहमद परिवार सहित पड़ोस में गए थे। मकान खुला देख चोर अंदर घुस कर अलमारी में लगी चाबी से ताला खोल सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए।

# वनरक्षक पर युवक ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वन क्षेत्र मुराड़ा में गश्त के दौरान एक वनरक्षक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। यह घटना तब हुई जब वनरक्षक ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से बकरियां चराने से रोका। क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय सुरेश गुर्जर ने बताया कि बीट इंचार्ज हरि सिंह मीणा वृक्षारोपण क्षेत्र नेता की तलाई में गश्त कर रहे थे। उन्होंने ग्राम राखला की ढाणी मुराड़ा निवासी शिवराज योगी पुत्र कैलाश योगी को अवैध रूप से बकरियां चराते देखा और उसे रोका। इसी दौरान शिवराज योगी ने हरि सिंह मीणा पर कुल्हाड़ी से घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में वनरक्षक हरि सिंह मीणा के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और 8 से 10 टांके लगे। वन विभाग ने इस मामले में आरोपी शिवराज योगी के खिलाफ थाना सदर, गंगापुरसिटी में एफआईआर दर्ज कराई है। वन विभाग ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए वन कर्मियों पर हमले को गंभीर अपराध बताया है।